हरिभूमि
रोहतक, सोमवार, 4 अप्रैल 2011

250 रोगियों को चश्में व कानों की मशीन बांटी

हरिभूमि न्यूजं

सोनीपत। गांव बैय्यापुर में दादा मोहनदास की याद में चौपाल संस्था द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणें ने स्वास्थ्य जांच करवाई। जरूरतमंद 250 रोगियों को मुफ्त में चश्में व कानों की मशीन वितरित की गई। इस दौरान रोजेन्द्र सिंह टोंक ने जानकारी देते हुए बताया कि चौपाल संस्था पिछले चार सालों से ग्रामीणों की सेवा कर रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को बीमारियों के प्रति सचेत करना व उन्हें रोगों की जानकरी देना उन का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि आज चौपाल सस्था 150 से अधिक गांव में मुफ्त जाचं शिविर लगा चुके है। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को दमा, निमोनिया, व अन्य रोगों की जानकारी दी। स्वास्थ जांच कैप में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए डा.मोनिका पुरी ने कहा कि महिला ही इस समाज का निर्माण करती है। उन्होंने बताया कि पढ़ी लिखी महिला ही समाज में जागरूकता ला सकती है व दो पीड़ियों को जोड़ कर समाज का निर्माण करती है। अगर महिला सशक्त हो जाए तो वह समाज का उद्धार कर सकती हैं देश को प्रगति की ओर ले जा सकती हैं। स्वास्थ्य जांच कैंप के दौरान 600 से भी अधिक रोगियों के स्वास्थ की जांच की गई। इस दौरान डा. विनय, इन्द्रजीत, हेमंनत, अंजली, रिचा, मीनू अतुल, आशमी व अन्य विशेषज्ञ उपस्थित थे।

शिविर

सोनीपत। बैय्यापुर में दादा मोहनदास की याद में चौपाल संस्था द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य जाच शिविर का आयोजन किया गया। एव चिकित्सक रोगी की आंखों की जांच करती हुई। फोटो: हरिभूमि